## प्रारम्भिक कार्य

: अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है। माननीय सदस्यगण, चतुर्दश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर मैं आप सबों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। यह सत्र वर्तमान कार्यक्रमानुसार दिनांक २३ जुलाई, २०१० तक निर्धारित है, जिसमें कुल पाँच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान दिनांक २२ जुलाई, २०१० को वर्तमान वित्तीय वर्ष २०१०-११ का प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी एवं तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का व्यवस्थापन होगा। वर्तमान सत्र कई दृष्टियों से काफी महत्वपूर्ण है। चूंकि १४वीं विधान सभा का यह सम्भवतः अंतिम ऐतिहासिक सत्र है। इसके माध्यम से संसदीय लोकतंत्र की नींव को और भी मजबूत करना है। समाज के अंतिम सीढ़ी पर खड़े लोगों का उन्नयन और विकास की रोशनी उनतक पहुंचाना हमारा पहला कर्त्तव्य है।

उपर्युक्त अभीष्ट को प्राप्त करने के लिए हम इस सदन का उपयोग सकारात्मक, रचनात्मक एवं सहयोगात्मक रूप से करते हुए राज्य के ज्वलंत विषयों पर चर्चा कर सकते हैं, जो राज्यहित में अतिआवश्यक है। मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि सदन के सफल कार्य-संचालन में आपसबों का सार्थक सहयोग प्राप्त होगा।